3. संपादक को गंदगी की सूचना हेतु पत्र

सेवा में ,
संपादक,
अमर उजाला,
लखनऊ।

विषय - गंदगी की सूचना हेतु पत्र।

महोदय,

आपको सूचित करना है कि शक्ति नगर वार्ड नं० 10 में सड़कों पर बहुत गंदगी है। लोग घरों का कूड़ा सड़क पर ही डाल देते हैं। सफ़ाई कर्मी कई दिनों से इधर नहीं आया है। गंदगी से बीमारी फैल सकती है।

आपसे विनम्र निवेदन है कि अपने समाचार पत्र में जनहित में यह सूचना प्रकाशित करने का कष्ट करें। क्षेत्रवासी आपकी इस उदारता हेतु सदैव आभारी रहेंगे।

सादर!

भवदीय

नवोदित पाल
ए-230, शक्ति नगर, लखनऊ
दिनांक : 20.08.2015

81. भाई के जन्म-दिन के उत्सव पर मित्र को निमंत्रण-पत्र लिखिए। CLASS-IV

136, ब्लॉक-12
अर्जुन विहार
नई दिल्ली-110010

7 अक्तूबर 200...

प्रिय कमलकांत,

तुम्हें जानकर प्रसन्नता होगी कि 10 अक्तूबर को मेरे छोटे भाई अशोक का जन्म-दिन धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर हमारे निवास-स्थान पर पार्टी का आयोजन किया गया है। इसमें नृत्य और गायन के साथ-साथ जलपान की व्यवस्था की गई है। पार्टी सायं सात बजे से आरंभ हो जाएगी। मेरी हार्दिक इच्छा है कि तुम इस उत्सव में अवश्य आओ। तुम्हारी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ जाएगी।

तुम्हारा मित्र
रमन कुमार मेहता

1- स्थानातंरण एवं चरित्र प्रमाण-पत्र (Character Certificat) प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र।

परीक्षा भवन
क०ख०ग० विदयालय
ग्वालियर।
दिनांक- 6 दिसंबर, 2018

सेवा में
प्रधानाचार्य जी
क०ख०ग० विदयालय
ग्वालियर।

विषय- स्थानातंरण एवं चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

मान्यवर
सविनय निवेदन है कि मैंने इस वर्ष आपके विदयालय से चौथी कक्षा पास की है। अब मरे पिता जी का स्थानातंरण जयपुर हो गया है; अतः मुझे ग्यारहवीं कक्षा में जयपुर में प्रवेश लेना है। इसके लिए मुझे स्थानातंरण एवं चरित्र (character certificat) प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। कृपया आप शीघ्रातिशीघ्र स्थानातंरण एवं चरित्र प्रमाण-पत्र देने का कष्ट करें, ताकि मैं समय रहत जयपुर के विदयालय में प्रवेश ले सकूं।
सधन्यवाद।

आपकी/आपका आज्ञाकारी शिष्या/शिष्य
क०ख०ग०
कक्षा